# D.A.V. PUBLIC SCHOOLS, BHUBANESWAR
## TERM – I EXAMINATION , 2017-18
## CLASS – VII
## SUB: HINDI (HIGHER)

*Time allowed: 3 Hours* *Maximum Marks : 80*

**सामान्य निर्देश : -**

- इस प्रश्नपत्र के दो खंड हैं – क और ख ।
- दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।
- यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: दीजिए ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 12 प्रश्न हैं ।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले , प्रश्न का उचित क्रमांक अवश्य लिखें ।

**खंड – 'क'**

1. **(क) (i) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द का संधि कीजिए ।** **(1)**

   लोक + उक्ति अथवा रेखा + अंकित

   **(ii) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द का संधि-विच्छेद कीजिए ।** **(1)**

   सारांश अथवा पावक

   **(ख) (i) निम्नलिखित समस्त पद का विग्रह कर के ससाम का नाम लिखिए ।** **(1)**

   आसमुद्र अथवा देशनिकाला

   **(ii) निम्नलिखित शब्दों का समस्त पद लिखकर समास का नाम लिखिए ।** **(1)**

   तीन रंगों का समाहार अथवा घन के समान श्याम

   **(ग) (i) निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग अलग करके लिखिए ।** **(1)**

   अपशब्द अथवा प्रतिक्रिया

   **(ii) निम्नलिखित उपसर्ग से नए शब्द बनाकर लिखिए ।** **(1)**

   अभि अथवा वि

   **(घ) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए । (कोई दो )** **(4)**

   अमृत, इच्छा, बंदर , कोयल

   **(ङ) निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए । (कोई दो )** **(2)**

   पराया, मज़दूर, निज, वकील

   **(च) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए । (कोई दो)** **(2)**

   इनकार, आयात, अग्रज, कपूत

   **(छ) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए । (कोई दो)** **(2)**

   (i) जो दूर की सोचे (ii) साथ चलने वाला

   (iii) जो कम बोलता हो (iv) नीचे लिखी हुई

(ज) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए ।(कोई दो ) (2)

(i) अंधे की लाठी (ii) कमर कसना

(iii) आँच न आने देना (iv) कान पर जूँ न रेंगना

(झ) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके पुन: लिखिए ।(कोई दो) (2)

(i) मेरे से अब नहीं चला जाता । (ii) अचानक बस चल पड़ी ।

(iii) गाँधी जी बोलते थे सदा सत्य । (iv) मुझे आम का फल अच्छा लगता है ।

**2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से छाँटिए :- (1 X 5=5)**

लाल बहादुर शास्त्री का जन्म 2 अक्तूबर, 1904 को वाराणसी के निकट मुगलसराय में एक निर्धन परि[वार] में हुआ । सुख तो शायद उनके भाग्य में आरंभ से ही नहीं लिखा था । इनके पिता शारदा प्रसाद एक साधा[रण] अध्यापक थे । जब लालबहादुर केवल डेढ़ वर्ष के थे, तब इनके पिता की मृत्यु हो गई । आर्थिक कठिनाइयों [से] घिरे , पिता के स्नेह से वंचित शास्त्री जी की शिक्षा बहुत कष्टमय स्थिति में हुई । बड़ी कठिनाई से मैट्रिक प[ास] करने के बाद इन्होंने काशी विद्यापीठ से शास्त्री की उपाधि प्राप्त की । फिर गाँधी जी की पुकार पर ये देश[के] स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े । इन्होंने अनेक बार जेल यात्रा भी की । इस प्रकार इनके राजनीतिक जीवन [की] शुरुआत हुई । शास्त्री जी का संपूर्ण व्यक्तित्व व जीवन अनूठा था । 'जय जवान जय किसान' का नारा देने वा[ला] छोटे कद का, परंतु विलक्षण व्यक्ति अपनी महान उपलब्धियों व गुणों के कारण सदियों तक याद किया जाएगा।

(क) शास्त्री जी का जन्म कहाँ हुआ था ?

(अ) इलाहाबाद (ब) वाराणसी (स) मुरादाबाद (द) मुगलसराय

(ख) शास्त्री जी के पिता क्या काम करते थे ?

(अ) अध्यापक (ब) लेखक (स) कवि (द) क्लर्क

(ग) शास्त्री जी का बचपन कैसा था ?

(अ) सुखमय (ब) साधारण (स) कष्टमय (द) विलक्षण

(घ) 'कद' किस प्रकार का शब्द है ?

(अ) विदेशी (ब) तत्सम् (स) तद्भव (द) देशज

(ङ) गद्यांश के लिए उचित शीर्षक चुनिए -

(अ) कर्मठ शास्त्री जी (ब) प्रेरणा (स) साधारण (द) कष्टमय जीवन

**3. निम्नलिखित काव्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से छाँटकर लिखिए :-(1X 5=5)**

एक काबुलीवाले की लोग कहते हैं कहानी ।
लाल मिर्च को देख भर गया उसके मुँह में पानी ।।
सोचा , क्या अच्छे दाने हैं, खाने से बल होगा ।
यह ज़रूर इस मौसम का कोई मीठा फल होगा ।।
भोला, लाल-लाल, पतली छीमी हो चीज़ अगर आने की ।
तो हमको दो तोल छीमियाँ फकत चार आने की ।।
हाँ, यह तो सब खाते हैं - कुजड़िन बोली बेचारी ।
और सेर भर लाल मिर्च से भर दी उसकी झोली ।।

जैसे ही मिर्च जीभ पर रक्खी, उसने जोर दिखाया ।
मुँह सारा जल उठा और आँखों में जल भर आया ।।

(क) काबुलीवाले के मुँह में पानी कब भर आया ?

(अ) फल देखकर (ब) लाल टमाटर देखकर (स) लाल मिर्च देखकर (द) आम देखकर

(ख) मिर्च देखकर काबुलीवाले ने क्या सोचा ?

(अ) फल हैं (ब) सब्जी है (स) फूल हैं (द) कंद हैं

(ग) काबुलीवाले ने कितने की छीमियाँ माँगी ?

(अ) दो आने की (ब) आठ आने की (स) चार आने की (द) पाँच आने की

(घ) 'कुंजड़िन' किस श्रेणी का शब्द है ?

(अ) विदेशी (ब) देशज (स) तत्सम् (द) तद्भव

(ङ) पद्यांश का के लिए उचित शीर्षक चुनिए -

(अ) लाल मिर्च (ब) कुंजड़िन (स) पतली छीमी (द) मिर्च का मज़ा

**4. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग ८० से १०० शब्दों में अनुच्छेद लिखिए । (5)**

(क) समय का महत्त्व (ख) रेलवे स्टेशन का दृश्य (ग) प्रिय त्योहार

(घ) उफ ! ये परीक्षाएँ (ङ) विद्यार्थियों में बढ़ती अनुशासनहीनता

5. आप अपने माता-पिता के साथ किसी अत्यावश्यक कार्यवश मुंबई जा रहे हैं , पाँच दिन के अवकाश हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए । **(5)**

**अथवा**

दशहरे की छुट्टियों में अपने मित्र को अपने घर आमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए ।

**अथवा**

इस वर्ष आपके विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस किस तरह मनाया वर्णन करते हुए अपने दादा जी को एक पत्र लिखिए ।

## खंड – 'ख'

**6. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (1 X 5 = 5)**

एवरेस्ट संसार का सबसे ऊँचा पर्वत-शिखर है । यह समुद्र से ८,८४८ मीटर (लगभग नौ कि.मी.) ऊँचा है । इसके उत्तर में तिब्बत है तथा दक्षिण में नेपाल । तिब्बती इसे चौमोलुंगमा अर्थात् संसार की माता और नेपाली सागरमाथा के नाम से पुकारते हैं । नेपाली भाषा में सागर का अर्थ बर्फ होता है । १८४९ में एक सर्वेक्षण दल को पहली बार यह पता चला कि यह संसार का सर्वोच्च पर्वत-शिखर है । उस समय इसे शिखर-१५ नाम दिया गया । बाद में इसे एवरेस्ट कहा जाने लगा ।

(क) संसार का सबसे ऊँचा पर्वत-शिखर कौन-सा है ?

(ख) इसकी ऊँचाई कितनी है ?

(ग) इसे तिब्बती तथा नेपाली में किन-किन नामों से जाना जाता है ?

(घ) सर्वेक्षण दल को क्या पता चला ?

(ङ) प्रारंभ में इसका क्या नाम था तथा बाद में इसे क्या कहा जाने लगा ?

**7. निम्नलिखित काव्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से छाँटकर लिखिए :-(1X 5=**

सावन की शोभा न्यारी,
हरियाली के ठाठ हैं ।
नदी सरोवर छलक रहों,
डूब गए सब घाट हैं ।
पता न चलता तारों का,
जाने कहाँ मयंक हैं ।
झाँक नहीं पाता सूरज,
भादों का आतंक है ।

भैया क्वार महीने में ,
निर्मल होती जलधारा ।
मौसम कर देता सारा ,
हँसी-खुशी का बँटवारा ।
कार्तिक में जाड़ा आता ,
साथ पटाखे फूलझड़ियाँ ।
फबती सबके चेहरों पर ,
मुसकानों की मधु लड़ियाँ ।

(क) सावन के महीनों में नदी-तालाबों की क्या स्थिति होती है ?

(अ) हरे-भरे हो जाते हैं (ब) सूख जाते हैं
(स) पानी से भर जाते हैं (द) घाट पानी से अछूते हैं

(ख) किस महीने में तारों का पता नहीं चलता है ?

(अ) सावन (ब) भादों (स) कार्तिक (द) क्वार

(ग) कार्तिक के महीने में किसकी शुरुआत हो जाती है ?

(अ) जाड़ा पड़ने की (ब) बादल छाने की
(स) वर्षा होने की (द) मौसम सुहावना होने की

(घ) क्वार के महीने में नदियों का पानी कैसा होता है ?

(अ) गंदा (ब) खुशबूदार (स) तेज़ बहने वाला (द) निर्मल

(ङ) कार्तिक महीने का मुख्य त्योहार कौन-सा है ?

(अ) धनतेरस (ब) दीपावली (स) दुर्गापूजा (द) भैयादूज

**8. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखिए :-** **(2 X 3=**

(क) मोती किसे कहा गया और क्यों ?
(ख) राकेश ने प्रदर्शन के दिन सभी को खास-खास हिदायतें फिर से क्यों दीं ?
(ग) सज्जन ने राजू से लिफ़ाफ़ा क्यों माँगा ?
(घ) हेड्मास्टर ने बच्चों को छुट्टियाँ किस प्रकार बिताने की सलाह दी ?
(ङ) सयाल को सब क्यों पसंद करते थे ?

**9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखिए :-** **(3 X 4=**

(क) कविता में मनुष्य को समय के साथ चलने के लिए क्यों कहा गया है ?
(ख) स्वामीनाथन को पिता जी की कौन-सी बात ठीक लगी और क्यों ?
(ग) साँप पर हमला किसने और कैसे किया ?
(घ) लेखक और उसके साथियों ने एवरेस्ट-शिखर पर अपनी भावनाएँ किस प्रकार व्यक्त की ?
(ङ) तन्मय की बात सुनकर दुकानदार को कैसा लगा और उसने क्या किया ?
(च) लेखक ने सज्जन को क्या काम करने के लिए कहा और क्यों ?

10. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-** **(3+2=5)**

(क) परीक्षा के दिन ही स्वामीनाथन ने कहा , ''मैं अपनी किताबें चूल्हे में डाल दूँगा ।'' स्वामीनाथन के इस व्यवहार को कितना उचित समझते हैं ? अपने विचार लिखिए ।

**अथवा**

क्या समय हमें अनुशासन में रहना सिखाता है ? कैसे ? समय पर काम करने से क्या-क्या लाभ होते हैं ?

(ख) यदि आप तन्मय की जगह होते उन गरीब बच्चों के साथ कैसा व्यवहार करते ? अपने विचार लिखिए ।

11. **निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए : -** **(1 X 7 = 7)**

(क) कविता **समय** के कवि का नाम क्या है ?

(अ) नारायण लाल परमार (ब) आर् . के. नारायण

(स) रामधारी सिंह (द) डॉ. रामगोपाल वर्मा

(ख) बच्चों को जो आजादी मिली थी उसके उत्साह से कौन अप्रभावित था ?

(अ) स्कूल का चौकीदार (ब) स्कूल के अध्यापक

(स) स्कूल का चपरासी (द) स्कूल के हैडमास्टर

(ग) निर्मला प्राय: किस पेड़ के नीचे बने अड्डे पर बैठा करती थी ?

(अ) बरगद के (ब) आम के (स) पीपल के (द) नीम के

(घ) रंगों के कारण जीवन कैसा लगता है ?

(अ) अच्छा (ब) त्योहार (स) प्यारा (द) अनोखा

(ङ) समय के इशारे पर कौन मुड़ता है ?

(अ) सागर (ब) वसंत (स) ऋतुचक्र (द) उपर्युक्त सभी

(च) सज्जन ने चिट्ठी लेटर बॉक्स में डालने का विवरण कितनी देर में दिया ?

(अ) पंद्रह मिनट (ब) चालीस मिनट (स) एक घंटा (द) आधा घंटा

(छ) कैंप ४ के तंबू एक पाँत में क्यों लगाए गए थे ?

(अ) स्थानाभाव था (ब) बर्फ़ पिघल रही थी

(स) चौड़ा स्थान था (द) ऑक्सीजन की कमी थी

******************